of the room of Chief Election Commissioner;

(b) whether there is any ceiling on such expenditure;

(c) if so, whether the ceiling has been exceeded;

(d) what is the total amount spent on the furniture, fittings and carpets, purchased for the room of the present Chief Election Commissioner; and

(e) whether the amount spent as in part (d) above was provided for in the Budget?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI RANGARAJAN KUMARAMANGALAM): (a) An amount of Rs. 8000/- has been spent on the renovation of the room of the Chief Election Commissioner towards civil works which was carried out through the Central Public Works Department.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) A sum of Rs. 1,03,708/- has been spent on furniture, fittings and carpets for the room of the present Chief Election Commissioner.

(e) The expenditure incurred was met out of the budget provided for Office Expenses.

Projects sanctioned for Indian Botanical Garden

1055. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) what are the future plans and programmes for the expansion of Botanical Survey of India;

(b) whether there is a proposal to set up a National Botanical Garden at Delhi and at Karnal (Haryana); and

(c) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Based on a comprehensive review the functions, organisation and programmes of the Botanical Survey of India have been streamlined and targets spelt out for the realisation of its objectives in a time-frame spanning upto 2000 A. D.

(b) and (c) The Haryana Urban Development Authority is considering a proposal to set up a Botanical Garden *cum* Ficus Research Centre at Karnal. There is no other proposal for setting up a national botanical garden in Delhi or Karnal.

तस्करी के सामान की बिक्री

1056. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान, वर्ष-वार, कितने मूल्य का तस्करी का सामान पकड़ा गया है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान तस्करी के सामान की बिक्री से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है ; और

(ग) सरकार ने तस्करी रोकने वाले अधिकारियों के तस्करी के कार्य में लिप्त होने की सम्भावना का पता लगाने के लिए क्या उपाय किए हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) पिछले 3 वर्षों के दौरान अभिगृहीत किए गए तस्करी के माल का मूल्य नीचे किया गया है :—

वर्ष	मूल्य (करोड़ रुपयों में)
1988	443.14
1989	554.59
1990	760.08
1991 (2-9-91 तक)	519.39*

* आंकड़े अनन्तिम हैं ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान जब्त किए गए माल की बिक्री से अर्जित राजस्व की रकम इस प्रकार है :—

वर्ष	मूल्य (करोड़ रुपयों में)
1988 . .	367.00
1989 . .	484.30
1990 . .	486.61
1991 (जुलाई तक) . .	325.96*

*आंकड़े अंतिम हैं ।

(ग) सरकार उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करती है जो तस्करी की गतिविधियों में लिप्त होते हैं । सी०सी०एस० (सी०सी०ए) नियमावली के तहत प्रशासनिक कार्यवाही के अलावा, समुचित मामलों में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और विदेशी मुद्रा संरक्षण तथा तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 के तहत कार्यवाही शुरू की जाती है ।

दिल्ली में परिवार कल्याण कार्यक्रम

1057. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वह सच है कि दिल्ली में परिवार कल्याण कार्यक्रम असफल रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) पिछले वर्ष दिल्ली में परिवार कल्याण कार्यक्रमों के लिए क्या लक्ष्य नियत किए गए थे और उन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया जा सका ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धपर्व) (क) जी ; नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) 1990–91 के दौरान दिल्ली में परिवार कल्याण कार्यक्रम के संबंध में लक्ष्यों और उपलब्धियों को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है :—

विवरण

1990–91 के दौरान दिल्ली में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धियां

परिवार नियोजन तरीके/मातृ-शिशु स्वा० कार्यक्रम	लक्ष्य 1990–91	उपलब्धियां* 1990–91 (अप्रैल, 90 से मार्च 91)	लक्ष्यों की उपलब्धि
(क) परिवार नियोजन तरीके			
1. नसबंदियां . . .	40,000	33,368	83.4
2. आई० यू० डी० निवेशन . .	126,000	71,454	56.7
3. प्रचलित गर्भनिरोधकों के प्रयोगकर्ता .	450,000	298,593	66.4
4. मुख्य से गोलियों के प्रयोगकर्ता .	8,000	5,612	70.2